an>

Title: Regarding providing civic amenities in Mumbai slums - Laid

**श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर):** देश में विशेषतः महाराष्ट्र राज्य के मुंबई और उसके निकटवर्ती क्षेत्रों में भारत सरकार या भारत सरकार के प्राधिकरणों के स्वामित्व वाली नमक क्षेत्र भूमि या रेलवे, पोत न्यास और रक्षा के स्वामित्व वाली जमीन के साथ-साथ राज्य सरकार के स्वामित्व वाली भूमि पर मलिन बस्तियां विगत काफी लंबे समय से स्थापित है। इन मलिन बस्तियों में शौचालय, मल-जल, जल पाईपलाईन और पेयजल जन-सुविधाओं का भारी अभाव है, जिनके कारण इनमें रहने वाले लोग नारकीय जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार इन मलिन बस्तियों के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा कार्यान्वित समरूप योजनाओं की तर्ज पर एक मलिन बस्ती पुनर्विकास और पुनर्वास योजना का निर्माण तत्काल किए जाने के साथ-साथ इन मलिन बस्तियों में शौचालय, मल-जल, जल-पाईपलाईन और पेयजल जन-सुविधाओं की उपलब्धता तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक पहल करें। ऐसा करने से न केवल गरीबों को स्थायी आवास और जरूरी मूलभूत नागरिक सुविधायें मिल सकेगी, बल्कि हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री जी द्वारा देश और विदेश की धरती से गरीबों के प्रति व्यक्त किए गए विचार और भावना तथा उनकी वर्ष 2022 तक सभी को पक्के घर उपलब्ध कराए जाने की महत्वाकांक्षी योजना को भी साकार करने में पूर्णतः सफलता मिलेगी।